# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 20.11.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक– 3598/ 2.2.M-2 / 369 दिनांक 13-12-24

जनपद फर्रूखाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक 20.11.2024 को आहूत हुई। समीक्षा बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण निम्नवत् हैः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (उपाध्यक्ष)
2. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
3. उपायुक्त मनरेगा, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
4. श्री सौरभ जौहरी, डी0पी0एम0यू0, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
5. श्री अनुराग सिंह, डी0पी0एम0, मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0,फर्रूखाबाद। (टी0पी0आई0)
6. श्री अशोक शर्मा, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
7. श्री अनुराग द्विवेदी, डी0पी0एम0, मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)
8. श्री शिव त्रिपाठी, पी0एम0, मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)
9. श्रीमती गीता सैनी, कोआर्डिनेटर, मै0 सवार्थ सेवा संस्थान, लखनऊ । (आई0एस0ए0)
10. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद। (सदस्य सचिव)

सर्व प्रथम दिनांक 08.10.2024 को आहूत बैठक में दिये निर्देशों के अनुपालन की अनुपालन आख्या से अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा अपने पत्रांक 3188/कार्य–7/131 दिनांक 19.11.2024 के माध्यम से समिति को अवगत कराया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुपालन आख्या का अवलोकन करने के उपरान्त बिन्दुवार समीक्षा के दौरान निम्न निर्देश दियेः–

1. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) से पूँछा गया कि क्या जनपद के मा0 सांसद जी को जनपद की एवं सभी मा0 विधायक गण को विधानसभा बार जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोड़ी गई एवं मरम्मत की गई सड़को की सूची उपलब्ध करा दी गई है अथवा नही जिसके उत्तर में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पत्र के माध्यम से मा0 सांसद जी एवं मा0 विधायकगणों को सूची उपलब्ध करा दी गई है साथ ही उक्त सूची को पत्र के माध्यम से समस्त खण्ड विकास अधिकारी को प्रेषित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त मा0 सांसद जी एवं सभी मा0 विधायकगण को उनके क्षेत्रान्तर्गत आने वाली पेयजल योजनाओं का विवरण पी0पी0टी0 के रूप में उपलब्ध करा दिया गया है।
2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा दोनो फर्मो के प्रतिनिधियों को पूर्ण कराये गये रोडरेस्टोरेशन के ग्रामों की सूची अधोहस्ताक्षरी एवं जिला विकास अधिकारी को भी प्रेषित करने हेतु निर्देश दिये। साथ ही उक्त सूची के अन्तर्गत ग्रामों की मरम्मत की गई सड़को की फोटोग्राफ्स भी प्रेषित करने हेतु निर्देश दिये गये।
3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को 15 दिवस में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। तथा निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण किया जा चुका है उन ग्रामों में तत्काल रोड रेस्टोरेशन कराये।
4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा भूमि विवाद के सम्बन्ध में सूचना चाही गई जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम समाउद्दीनपुर विकास खण्ड कायमगंज में उपजिलाधिकारी द्वारा किये गये प्रयास के फलस्वरूप पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गई है एवं सम्बन्धित फर्म द्वारा आवंटित स्थल पर बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवशेष अप्राप्त भूमि (ग्राम बझेरा मलिक पट्टी, नगला दाउद, सोताबहादुरपुर, ढिलाबल एवं चाँदपुर) का चिन्हीकरण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता को तहसील प्रशासन एवं सम्बन्धित विभाग से मिलकर 07 दिवस में प्राप्त करने हेतु निर्देश दिये। अधिशासी अभियन्ता द्वारा ग्राम पथरामई में वन विभाग द्वारा कार्य बाधित होना बताया गया जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा वन विभाग से समन्वय स्थापित कर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।
6. अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि ग्रहसंयोजन घर के अन्दर किये जायें यदि गृहस्वामी गृहजल संयोजन घर के बाहर लेना चाहता है तो उससे सहमति पत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही गृहजल संयोजन घर के बाहर करने हेतु निर्देशित किया तथा गृहजल संयोजन करने हेतु खोदे गये गढ्ढो को तत्काल सही करने हेतु निर्देशित किया।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

7. गृहसंयोजन की प्रगति धीमी होने के कारण जनपद की रैंक में सुधार नही हो पा रहा है जिस पर श्री शिव त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि गृहजल संयोजन की प्रगति में वांछित प्रगति प्राप्त करने हेतु आवश्वासन दिया गया। परन्तु यह भी अवगत कराया गया कि कई ग्रामों में गृहसंयोजन प्रदान करने के उपरान्त भी आधारकार्ड उपलब्ध नही कराये जा रहे हैं । जिस कारण गृहजल संयोजन की एन्ट्री पोर्टल पर नही हो पा रही है जिस पर कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में ग्रामवासियों द्वारा आधारकार्ड उपलब्ध नही कराये जा रहे है उन ग्रामों की सूची ब्लाकवार तैयार कर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं आई0एस0ए0 को उपलब्ध करायी जाये जिससे कि विकासखण्ड स्तर पर अधारकार्ड प्राप्त करने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा सके।
8. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त किया तथा कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया कि कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक श्रमशक्ति बढ़ाई जाये।
9. कार्यदायी फर्मो द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन 51 नग योजनाओं पर मिट्टी भराव की आवश्यकता है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित योजनाओं के पास मिट्टी उठाने हेतु स्थान चिन्हित कर उपायुक्त मनरेगा के साथ अधोहताक्षरी को भी चिन्हित स्थानों की सूची उपलब्ध करायी जायें ।
10. जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति की जा रही है वहां रोस्टर के अनुसार नियमित एवं क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति की जाये ।

**धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' समिति
फर्रूखाबाद

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक ''राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद।
3. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद।
5. मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0 टी0पी0आई0, फर्रूखाबाद।
6. मै0 मेंधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0 डी0पी0एम0यू0, फर्रूखाबाद।
7. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0, हैदराबाद।
8. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 जे0वी0, नोएडा।
9. मै0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान इटावा रोड़ बेवर मैनपुरी।
10. मै0 सवार्थ सेवा संस्थान, न्यू नन्दी बिहार कालोनी, सराय शेख चिनहट, जनपद लखनऊ।

4/12/24

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' समिति
फर्रूखाबाद

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner